# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### :: सूचना ::

बिहार लोक सेवा आयोग की 69वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर बिहार राजस्व सेवा के अधीन राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के लिए बिपार्ड, गया परिसर में दिनांक–01.01.2025 से अनिवार्य प्रवेशकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया। बिपार्ड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों के लिए दिनांक–17.01.2025, दिनांक–23.01.2025, दिनांक–04.03.2025, दिनांक–24.06.2025 एवं दिनांक–27.11.2025 को विभाग में शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन (Verification of Certificates) कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुल–150 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

आयोग की 69वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित शेष **कुल–18 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए** शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन (Verification of Certificates) **दिनांक–15.01.2026 (गुरूवार) को दो पालियों (प्रथम पाली–10:00 पूर्वा0 से 1:00 बजे अप0 तक एवं द्वितीय पाली–2:00 अप0 से 5:00 बजे अप0 तक)** में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना (पुराना सचिवालय) में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में **अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व रद्द किये जाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।**

**शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थी निम्नलिखित है–**

| दिनांक–15.01.2026 (गुरूवार) | | | | दिनांक–15.01.2026 (गुरूवार) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10.00 बजे पूर्वाहन से –प्रथम पाली | | | | 2:00 बजे अपराहन से –द्वितीय पाली | | |
| Sl. No | Roll No | Name | | Sl. No | Roll No | Name |
| 1 | 2 | 3 | | 1 | 2 | 3 |
| 1. | 168223 | PRAMOD YADAV | | 10. | 252658 | SAUNDARYA KUMAR SUMAN |
| 2. | 294375 | ANURAG GAUTAM | | 11. | 113699 | PRITI KUMARI |
| 3. | 147931 | RISHAV ANAND | | 12. | 285955 | SHIKHA KUMARI SINGH |
| 4. | 208850 | CHANAKYA KUMAR | | 13. | 118194 | SOHARAT JAMI |
| 5. | 274390 | ADITYA PRATAP | | 14. | 365442 | PRIYA KUMARI |
| 6. | 327294 | AKANKSHA | | 15. | 327071 | RIYA RANI |
| 7. | 211448 | RAVISH RAJ | | 16. | 259382 | RAHUL KUMAR |
| 8. | 354428 | AYUSHI PANDEY | | 17. | 162965 | ABHISHEK KUMAR |
| 9. | 291596 | MD SHERE AFGHAN KHAN | | 18. | 344487 | SONALI BHASKAR |

**प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए अभ्यर्थी निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति तथा उसकी छायाप्रतियों की दो–दो स्व अभिप्रमाणित (Self Attested) प्रतियां अपने साथ अनिवार्य रूप से लायेंगे :–**

(1) मैट्रिक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।

(2) इन्टरमीडिएट, स्नातक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।

(3) अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र, जो आवेदन पत्र में वर्णित किया गया हो।

(4) अगर नियोजित (Employed) हों तो नियोक्ता द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

(5) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित कोटि के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए)।

(6) बिहार राज्य सरकार की नौकरियों के निमित्त सक्षम प्राधिकार के स्तर से निर्गत क्रिमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग हेतु)।

(7) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रमाण पत्र (EWS)

(8) भूतपूर्व सैनिक (EXSM)/विकलांग वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र जो भारत सरकार/बिहार सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर, केन्द्र सरकार/बिहार सरकार की सूची अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो एवं प्रमाण पत्र सत्यापन के दिन मान्य हो।

(9) स्वतंत्रता सेनानी के नाती/नतिनी/पोता/पोती के आधार पर चयन हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के लिए उक्त से संबंधित प्रमाण पत्र।

(10) बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र (Admit Card)

(11) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र।

(12) पूर्ण रूप से भरा हुआ चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन प्रपत्र (विहित प्रपत्र में)–दो प्रतियों में (विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध)।

(13) पासपोर्ट साईज का 04 (चार) फोटो।

(14) अभ्यर्थी की पहचान प्रमाणित करने से संबंधित कोई फोटोयुक्त दस्तावेज/पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/पासपोर्ट, इत्यादि)।

(15) अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी के स्तर से निर्गत अभ्यर्थी का सभी प्रमाण पत्र सही होने, थाना अथवा न्यायालय में कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होने एवं आचरण प्रतिकूल नहीं होने से संबंधित शपथ पत्र (विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध)।

**उक्त प्रमाण पत्रों के सत्यापन/जांच में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।**

Srani 02.01.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–03/स्था0रा0से0(विविध)–172/2024–08(3)/रा0, पटना, दिनांक–05/01/2026

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सत्यापन प्रपत्र की प्रति सहित विभागीय वेब–साईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

Srani 02.01.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी।